## खबर संक्षेप

### स्थानीय निकाय विभाग ने जारी की पॉलिसी

**करनाल।** नगर निगम क्षेत्र में अब आवासीय भूखंडों को वाणिज्यिक भूखंड में तबदील करवा सकेंगे। नई पॉलिसी के तहत इनका लैंड यूज चेंज किया जा सकेगा। इसके लिए हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने नई पॉलिसी, हरियाणा नगर पालिका शहरी निर्मित योजना सुधार नीति 2023 (आवासीय से गैर-आवासीय रूपांतरण नीति) जारी कर दी है। यह जानकारी गुरूवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी।



### गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**तरावड़ी।** कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल निर्देशिका पिथी चौधरी एवं स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमान विकास उत्तरेजा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया । विद्यालय के छात्रों द्वारा भाषण, देश भक्ति गीत, कविताएँ ,देश भक्ति नाटक और नृत्य के द्वारा राष्ट्रीय प्रेम की भावना को प्रदर्शित किया तथा कविताओं की मनमोहक प्रस्तुति से स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला गया ।

### मतदाता दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विवि के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में गुरुवार को जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में भारतीय मतदाताः भूत, वर्तमान व भविष्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें संस्थान के स्नातक व स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर विचार रखने के लिए विद्यार्थियों ने बड़ा गजब का उत्साह दिखाया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। निबंध पूर्व विद्यार्थियो को बड़ी जिम्मेदारी से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संस्थान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से अवगत कराया।

### प्रधानमंत्री मोदी के लाइव संबोधन को बड़ी संख्या में युवाओं ने सुना

# नव मतदाता सम्मलेन में विधायक ने युवाओं को बताया लोकतंत्र का महत्व

- नव मतदाता दिवस घरौंडा में किया गया आयोजित
- सम्मेलन में विधायक हरविंदर कल्याण मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल



घरौंडा। निजी संस्थान में छात्र व छात्राओं को सम्बोधित करते विधायक हरविंदर कल्याण व कार्यक्रम में उपस्थित विधायक हरविंदर कल्याण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

बसताड़ा स्थित निजी शिक्षण संस्थान में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से "नव मतदाता सम्मलेन" का आयोजन किया गया जिसमें विधायक हरविंदर कल्याण नें मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। विधायक कल्याण नें नव मतदाताओ को अपना मतदान अवश्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा मतदाता भाग्य विधाता होता है।उन्होंने कहा कि युवाओं का भविष्य ही देश का भविष्य होता है इसलिए युवाओं को अपने उज्जवल भविष्य के लिए परिश्रम करते हुए देश के विकास में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। वीरवार को निजी संस्थान में आयोजित सम्मलेन का विधायक हरविंदर कल्याण नें दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। संस्थान के पदाधिकारियों नें विधायक कल्याण का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। विधायक कल्याण ने सभी युवा नव मतदाताओ को बधाई दी। विधायक कल्याण के साथ साथ बड़ी संख्या में नव मतदाता युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगभग आधे घंटे के लाइव संबोधन को सुना। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नें लाइव सम्बोधन शुरू किया तो सभी छात्र - छात्राओ ने भारत माता तथा श्री राम के जयघोष लगाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी नें नव मतदाताओं, छात्र व छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 18 से 25 वर्ष की ऐसी आयु होती है जिसमें युवाओं के जीवन में काफ़ी बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं का नया वोट बना है, उन पर एक़ जिम्मेदारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित करने का जो देश में अभियान चल रहा है, उसके अंदर युवाओं की मुख्य हिस्सेदारी होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का एक़ एक़ वोट देश के विकास को ओर गति देगा, इसलिए हर वोट बहुत कीमती होता है तथा सभी बढ़ चढ़ कर मतदान करना चाहिए। इस मौक़े पर सौरभ युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, भरत सिंगल चेयरमैन आरपीआईआईटी,सुभाष कश्यप, नरेश कुमार, सतबीर गोस्वामी, रविंद्र शर्मा, देविंद्र शर्मा रहे।



### युवा मतदाता और प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित

*करनाल। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने जहां नये मतदाताओं को वोटर कार्ड वितरित किये वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही मतदाता शपथ दिलाई। 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की आडियो-वीडियो क्लिप दिखाई गई। छात्रा श्रुति ने मतदाता दिवस पर विचार रखे। इसके बाद कॉलेज, जिला व ब्लॉक स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कालेज स्तर की मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता पवित्रा व श्वेता, फोटोग्राफी के लिये धीरज, स्लोगन के लिये भारती व अनशा, भाषण के लिये प्रिया मलिक व नितिन, निबंध लेखन के लिये नितिन व नैंसी, प्रश्नोत्तरी के लिये नितिन व विकास, रंगोली के लिये स्नेहा, दीक्षा, एकरा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा श्रेष्ठ बीएलओ के रूप में राजेश कुमार, विनोद, अक्षय, नरेश कुमार और जगबीर सिंह को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिये आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता के विजेता मंतशा व नेहा, भाषण के लिये अंशु, हिमांशी व स्नेहा, प्रश्नोत्तरी के लिये मुस्कान व सोनम, रंगोली के लिये प्रीति व आंचल, निबंध लेखन के लिये गौरव व चिंकी, पोस्टर मेकिंग के लिये सोनम, अमन, मुस्कान का किया सम्मान।*

## कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज करनाल

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री किरण चौधरी की अगुवाई में निकाली जा रही कांग्रेस जनसंदेश यात्रा गुरुवार को करनाल पहुंची। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता की अध्यक्षता में पंजाबी धर्मशाला सेक्टर नौ में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल कांग्रेस नेताओं का जोरदार स्वागत किया। सुखराम बेदी ने सिरोपा और तलवार भेंट कर, जोगिंद्र वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर भेंट कर तथा कविता बंसल ने शॉल ओढ़ाकर कुमारी शैलजा और किरण चौधरी का स्वागत किया।इस मौके पर कुमारी शैलजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंदेश यात्रा का मकसद कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है। कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यकर्ता जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के इतिहास और जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करवाएं। मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए एक सवाल के जवाब में कुमारी शैलजा ने कहा कि हरियाणा में जहां तक हमारी समझ है वह सिर्फ एक ही गुट है वह है कांग्रेस का गुट। कोई किसी तरह से काम कर रहे है, कोई किसी तरह से काम कर रहे है, लेकिन मजबूती कांग्रेस पार्टी को ही मिल रही है। उन्होंने कहा कि सीएम सिटी के हालात किसी से छिपे नहीं हैं और विकास के नाम पर घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं, यह घोटाला सिर्फ सीएम सिटी में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में हो रहा है। लेकिन, सभी पर पर्दा डाला हुआ है। चुनाव लडऩे से संबंधित एक अन्य सवाल पर उन्होंने जवाब दिया कि ये हाईकमान का फैसला है।इस अवसर पर किरण चौधरी ने कहा कि सभी लोगों को एक बात समझ में आ चुकी है कि सरकार झूठ और जुमलों पर चल रही है। धार्मिक मुद्दों का भी राजनीतिकरण किया जा रहा है। राम मंदिर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को नंबर वन बताया जा रहा है, लेकिन यह नंबर बेरोजगारी में है।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर, विधायक प्रदीप, विधायक शमशेर सिंह गोगी, विधायक शैली, पूर्व विधायक रिसाल सिंह, सुखराम बेदी, ओमप्रकाश सलूजा, संजीव कांबोज, जोगिंद्र वाल्मीकि, भूपेंद्र लाठर, कविता बंसल, एनपीएस चौहान, रोहित जोशी, अखिलेश गौतम, युवा प्रधान प्रदीप चौधरी, पंकज पूनिया, कविता बंसल, वीरभान, बिट्टू संधु, विनोद चंदेल, किशन सोलंकी व विनीत खन्ना सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

## डीएवी कालेज में इंटर जोनल युवा महोत्सव कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

यहां डीएवी पीजी कालेज में इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन 27 से 29 जनवरी तक किया जायेगा। इसमें 43 विधाओं में करीब 500 युवा प्रस्तुति देंगे। महोत्सव का उद्घाटन सांसद संजय भाटिया करेंगे।प्राचार्य डा. आरपी सैनी के अनुसार उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार एवं कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले 44वें तीन दिवसीय युवा महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अंतिम दिन पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के वीसी सोमनाथ सचदेवा होंगे। उन्होंने बताया कि करनाल जोन में पहली बार ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में जोनल क्षेत्र के प्राचार्य सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रमुख, टीम इंचार्ज, कलाकारों, संगीतकारों सहित कला क्षेत्र से जुड़ी महान हस्तियां पहुंचेंगीं। जोनल स्तर पर पहला, दूसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थी कला, संगीत, नृत्य, सांग, हरियाणवी संस्कृति से जुड़ी विधाओं में प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए छह मंच बनाए गए हैं।

## लोकतंत्र की मजबूती को ली मतदान की शपथ

- फैशन शो प्रतियोगिताओं और हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज करनाल



केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब, रेडक्रास सोसाइटी व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एडस जागरूकता अभियान के अंतर्गत नेल आर्ट, पोट पेंटिंग व फैशन शो प्रतियोगिताओं और हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त इलेक्टोरल क्लब और कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के सौजन्य से राष्ट्रीय मतदान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों में भाग लेकर एचआईवी एडस एवं मतदान संबंधी जागरूकता अपने घर, समाज, गांव व शहर में फैलाएं और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने का प्रयास करें। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल की भूमिका डा. सुषमा ठाकुर (हिंदी विभागाध्यक्ष) व डा. संगीता गौरांग (संगीतवादन विभागाध्यक्ष) ने निभाई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी छात्राओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अवश्य मतदान करने की शपथ ग्रहण की। इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष लखविंद्र कौर, रेड रिबन क्लब की संयोजिका डा. पूनम कुंडु, रेडक्रास यूनिट की संयोजिका डा. दीप्ति शर्मा, इलेक्टोरल क्लब की संयोजिका डा. स्वाति शर्मा, कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. सुनीता सलारिया, सह संयोजिका साक्षी अनेजा, डा. ईशा व सदस्याओं डा. नादिया चौहान, डा. शिवांगी व प्रशांतिका ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रमों में सभी संकायों की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोयिगताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। नेल आर्ट प्रतियोगिता में बीएससी की अनु ने पहला, बीकॉम की वंदना ने दूसरा तथा बीए की कोमल और बीवॉक की रवीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोट पेंटिंग में बीएएसी की रिया ने पहला, बीए की रीतिका ने दूसरा प्राप्त किया।

### देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को सलामी देंगे देश के युवाःशांतनु

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी देने के लिए देश के जवान तत्पर है।इस राष्ट्रीय पर्व को परम्परा के अनुसार मनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है। पुलिस लाईन पिपली के प्रांगण में 26 जनवरी को हरियाणा की महिला एंव बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगी। इस समारोह की तैयारियों में किसी प्रकार की खामी न रहे, इसके पुख्ता प्रबंध किए गए है। इतना ही नहीं, सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही न बरते, इसके लिए पुलिस विभाग ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतजाम किए है।

### सीएम स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च किए गए हजारों करोड़ रुपये का स्पष्टीकरण जनता को दें सीएम

**करनाल।** करनाल कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से जनहित के मुद्दों को लेकर कई सवाल किए हैं। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि सीएम मनोहर लाल 26 जनवरी को करनाल में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे। उन्होंने मांग की कि सीएम स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च किए गए हजारों करोड़ रुपए का स्पष्टीकरण अपने विधानसभा



क्षेत्र की जनता को दें। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि करनाल में स्मार्ट सिटी में हजारों करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा किया गया है। सीएम जिन कार्यों पर पैसा खर्च हुआ उसका स्पष्टीकरण दें और जो पैसा बर्बाद कर दिया गया है उसको लेकर भी करनाल की जनता को जानकारी दें। उन्होंने कहा कि करनाल में बिजली की तारें अंडरग्राउंड करने के लिए अब तक क्या-कार्य पूरा किया गया। इस कार्य के लिए जो पैसा मंजूर हुआ था, वह कहां खर्च कर दिया गया है। इसी प्रकार स्लम बस्तियों में पानी की निकासी के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है। अभी तक ठोस कदम क्यों नहीं उठाए गए। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि कल्पना चावला मेडिकल कालेज जोकि सफेद हाथी बनकर रह गया है। दलालों के चंगुल में हैं। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गस इस कॉलेज में व्यवस्था दुरुस्त क्यों नहीं की जा रही। सीएम को जनता की परवाह नहीं है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व

हरिभूमि न्यूज तरावड़ी

एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस विद्यालय के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल और विद्यालय प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने ध्वजारोहण कर , सभी के साथ राष्ट्रगान कर तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह हमारे देश के लिए बेहद ही खास पर्व है, साथ ही यह हमारे लिए बेहद ही गर्व का विषय है । देश की संप्रभुता और एकीकरण को दर्शाने वाला यह त्योहार हर भारतीय के मन में देश-भक्ति की भावना का संचार करता है। हमारा संविधान हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी एक समान और एक ही देश के नागरिक हैं। हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अगली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाना है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया साथ ही विभिन्न प्रस्तुतियों के द्वारा लोगों में देशभक्ति का संचार किया। विद्यालय के प्रबंधक ग्रेवाल ने गणतंत्र दिवस की बधाई दी और बताया गया कि 26 जनवरी को हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ। देश का संविधान को तैयार करने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का समय लगा था। आज के दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव भी प्राप्त है।



### एम.एस.पी. की गारंटी सुनिश्चित करे केंद्र की भाजपा सरकार : भूपेंद्र सिंह

*तरावड। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के प्रदेश महासचिव स. भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर देशभर के किसान जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर परेड निकालकर रोष जाहिर करेंगे। उन्होंने बताया कि पूरे देश में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ किसान विरोध प्रदर्शन करेंगे। वह पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान-मजदूर विरोधी भाजपा सरकार का विश्वासघात सभी के सामने है। किसानों के लंबे आंदोलन के बाद वापस हुए किसान विरोधी कानून के समय भाजपा सरकार ने जो वादा किया था, उस पर खरी नहीं उतरी और किसानों के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने बताया कि विरोध को लेकर पूरे देश और हरियाणा प्रदेश के सभी जिलों में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर किसान ट्रैक्टर एवं व्हीकल परेड निकालेंगे। लाडी ने बताया कि करनाल जिले में भी हजारों की संख्या में किसान परेड निकालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि ब्लाक स्तर पर किसान 52 ट्रैक्टर लेकर जिला हैड क्वाटर पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि जिस समय किसान विरोधी सरकार ने कानून वापस लिए उसी समय किसानों के साथ वादा किया था कि एमएसपी की गारंटी, बिजली बिल रद्द होगा और लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषी मंत्री को हटाया जाएगा, लेकिन वह अभी भी मंत्री बने हुए हैं ।*

### शिव कावड़ संघ द्वारा मीठे चावल का प्रसाद वितरित

*तरावड़ी। शहर के मेन बाजार करनाली गेट पर स्थित माँ दुर्गा मंदिर के निकट माघ पूर्णिमा के अवसर पर शिव कावड़ संघ द्वारा मीठे चावलों का प्रसाद वितरण किया गया। शिव कांवड़ संघ के प्रधान बलदेव गिरधर व सतीश कक्कड़ ने बताया शिव कांवड़ संघ द्वारा हर माह की तरह इस माह भी पूर्णिमा के अवसर पर मीठे चावलों का प्रसाद वितरित किया जा रहा है व कहा सभी को मिलकर समाज सेवा में योगदान देते रहना चाहिए। इस दौरान अमर चावला व सुदर्शन सरदाना ने प्रसाद वितरित करते हुए कहा कि शिव कावड़ संघ द्वारा हर माह की पूर्णमासी को मीठे चावलो का प्रसाद वितरित किया जाता है उन्होंने कहा कि समाज मे सभी को समाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़ भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर रमेश नारंग,बलदेव गिरधर, जगदीश सचदेवा,सन्नी सचदेवा,सतीश ककड,गणेश दास खन्ना, विजय रहेजा,जसपाल रंगीला,संदीप पसरिचा आदि रहे।*

## विद्यार्थियों को किया मतदान के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना चावला ने की । उन्होने कहा कि आज विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने-अपने मतदान के प्रति जागरूक हो व सभी भावी मतदाताओं को भी जागरूक करें। हमारे संविधान ने हमें वोट का महत्वपूर्ण अधिकार हमें दिया है और हमें इस बात की जानकारी अवश्य होनी चाहिए कि वोट का हमारे जीवन में कितना महत्व है और वोट के महत्व को समझते हुए हमें अपने वोट का इस्तेमाल अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और यहां पर जनप्रतिनिधि जनता की वोट से ही चुने जाते हैं।प्रधानाचार्य वंदना चावला ने कहा कि एक वोट की बहुत कीमती होती है। हमें वोट अवश्य देनी चाहिए और यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारे एक वोट न देने से क्या फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की हो गई है वे अपना वोट व मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनाए ।



इंद्री। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में विद्यार्थियों को सम्मनित करती प्रधानाचार्य ।

### हरियाणा में सत्ता परिवर्तन दूर नहीः रणदीप

**करनाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुर्जेवाला ,कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी शैलजा और पूर्व मी किरण चौधरी द्वारा निकाली गई हरियाणा कांग्रेस संदेश यात्रा का वलड़ी वाइपास पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया। दो से अढ़ाई हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय पाल मान की अगुवाई में किया। ऐतिहासिक



और स्वागत में उमड़े जन सैलाव को देख कांग्रेस के तीनों नेता जयपाल मान तथा उनके समर्थकों की पींठ थपथपाते दिखे। पूर्व कंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुर्जेवाला तथा पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा ह इसि तरह का स्वागत अब तक कहीं पर भी नहीं हुआ हैं। सडक़े के दोनों तरफ खड़े हजारों लोगों ने ग्रिस का ध्वज हिला कर तीनों नेताओं का स्वागत किया। तीनों नेताओं ने कहा कि करनाल में मिले इस जन उत्साह को देख्या कर लगता है। कि अब परिवर्तन को देर नहीं हैं। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार जरूर बनेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय पाल मान ने कहा कि स्वागत में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाध्ण हैं कि करनाल से परिवर्तन का आगाज हो चुका हैं। करनाल समैत लोकसभा की दस सीटें कांग्रेस की झौली में डालने की बानगी हैं। अपने काम के लिए जाने जाने वाले जय पाल मान की तारीफ करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि वह जय पाल मान को 20 साल से जानती हैं।

## गणतंत्र दिवस पर निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष में इंद्री के गांव गांधी नगर के राजकीय प्राइमरी स्कूल में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों के साथ-साथ गांव के लोगों ने भी भाग लिया। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में



बोलते हुए विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह देशवासियों के लिए एक गौरवशाली दिन है। उन्होंने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की बदौलत हमें आजादी प्राप्त हुई है। गणतंत्र दिवस समारोह हर वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है, गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है।

## विद्यार्थियों को सफलता के रास्ते व मुश्किलों से लड़ने का पाठ पढ़ाया

हरिभूमि न्यूज करनाल

सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) विद्यार्थियों को जीवन में कामयाब व ज़िम्मेदार इंसान बनाने के लिए देश की बात अभियान के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है और यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। आज निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने असंध के स्कूल जेपीएस अकादमी व मैक्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को सफलता के रास्ते व इस राह की मुश्किलों का पहले से पता लगाने के तरीक़े



की जानकारी दी। सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग स आयोजित इस अभियान में सुबह जेपीएस अकादमी में मोटिवेशनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल मोहन सिंह ने की। दोपहर बाद मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमेन मुकेश बंसल, निदेशक कपिल गुप्ता, प्रिंसिपल जितेंद्र गंभीर व मैक्स गुरुकुल के प्रिंसिपल एआर भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पन्नु ने दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों को सुनने की कला, स्वस्थ शरीर व मन, लक्ष्य निर्धारण के लिए अपने स्वॉट परीक्षण, जीवन में मुख्य लक्ष्य के साथ साथ अन्य उपलब्ध अवसरों का ज्ञान, लक्ष्य प्राप्त न होने पर होने वाले अवसाद व आत्महत्या जैसे कदम उठाने से बचने के तरीक़े, सोशल मीडिया के सदुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित वक्तव्य दिया। प्रिंसिपल मोहन सिंह ने भी बच्चों को संबोधित किया व उन्हें अपने दिमाग़ से अनावश्यक बातों को निकालने की सलाह दी ताकि उसमें अच्छी व मोटिवेशनल बातों के लिए स्थान बन सके। प्रिंसिपल जितेंद्र गंभीर ने भी अपने विचार रखे व निफा द्वारा चलाये जा रहे अभियान को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया।

खबर संक्षेप

### नव मतदाता अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करें

**पानीपत।** राष्ट्र निर्माण में नव मतदाता अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करने के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को आत्मसात करें। नव मतदाता अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल कर देश के विकास में अपना योगदान दें। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने आबी कालेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नमो नव मतदाता सम्मेलन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुनने के बाद नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कही।

### लोकतंत्र मजबूत करने में मतदाताओं की अहम भूमिका

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या महाविद्यालय सिवाह पानीपत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्राओं को धर्म, जाति ,भाषा समुदाय से ऊपर उठकर वोट डालने की शपथ वूमेन सेल की इंचार्ज प्रो.प्रियंका द्वारा कॉलेज प्रांगण में दिलवाई , उन्होंने बताया कि किसी भी राष्ट्र के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं की अहम भूमिका होती है।

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) का शुभारंभ हुआ। वहीं कैंप में कर्मवीर सिंह, पुलिस उप निरीक्षक ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ राजबीर आर्य, सचिव, वैदिक परिवार, डॉ पवन बंसल अध्यक्ष, वैदिक परिवार, प्रधानाचार्य अनुपमा सिन्हा, एनएसएस कैंप के के इंचार्ज सुखदेव, पार्थ आदि उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस के लिए भव्य रंगोली बनाई

**पानीपत।** पानीपत में गणतंत्र दिवस समारोह शिवाजी स्टेडियम में आयोजित होगा। वहीं समारोह स्थल पर जिला कॉर्डिनेटर ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, सुरेखा रानी, सिम्मी, रूमा, नीरज, मदन आदि ने रंगोली बनाई। वहीं मलिक ने बताया कि इस बार रंगोली में विकसित भारत को प्रदर्शित करते हुए राम मंदिर, चंद्रयान थ्री, एस्ट्रोनोट, रोवर लैंडर आदि को दिखाया गया है जो भारत को विकास के राह पर अग्रसर करता है।

### विक्टर स्कूल में कार्यक्रम हुए

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैम्प के कृष्ण नगर स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नौवीं कक्षा की छात्रा तन्वी व सातवीं कक्षा की छात्रा अनन्या जैन ने अपने भाषण के माध्यम से गणतंत्र दिवस के महत्त्व को समझाया। सातवीं कक्षा के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

### रोजगार मार्ग दर्शन 29 से

**पानीपत।** रोजगार विभाग की ओर से आगामी 29 जनवरी से 2 फरवरी तक व्यवासायिक मार्ग दर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को उनके भविष्य बनाने और अपना व्यवसाय चुनने बारे जानकारी दी जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 जनवरी को प्रातः 10 बजे राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मडलौडा और 12 बजे न्यू ईरा पब्लिक स्कूल मडलौडा में, 30 जनवरी को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ स्कूल वैसर गांव और 31 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे हिमगिरी पब्लिक स्कूल समालखा में कार्यक्रम होगा।

### नवीन के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया

**पानीपत।** पानीपत के सिटी थाने में करीब साढे पांच वर्ष पहले दर्ज हुए केस में गुरुवार को नवीन जयहिंद जिला अदालत में पेश हुए। जयहिंद ने बताया कि आज कोर्ट में पुलिस की तरफ से चालान पेश किया है। जिसमें न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए आठ अप्रैल की तारीख दी है। इस बारे में नवीन जयहिंद ने बताया कि जो भी उनके खिलाफ सरकार व प्रशासन द्वारा धाराएं लगाई गई हैं, वे उनके खिलाफ नहीं बनती हैं।

## एसडी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन

# निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई

### भारत के विकास को गति दे रहा है युवा वर्ग : भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजनाओं द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता से भरपूर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने एनएसएस अधिकारीयों डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी के साथ सभी उपस्थित एनएसएस स्वयंसेवकों और स्टाफ सदस्यों को निर्भीकता, जागरूकता और निरंतरता के साथ वोट डालने की शपथ दिलाई । प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने का उद्देश्य युवाओं में वोट के महत्व और प्रजातन्त्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का बोध करवाना है। वहीं विद्यार्थियों द्वारा मतदान डालने और अच्छी सरकार को चुनने हेतू समाज को जागृत करने के लिए मतदाता रैली निकाली गई। वहीं स्वयंसेवकों ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नमो नवमतदाता सम्मेलन में हिस्सा लेकर अपने मत को महत्त्व को समझा और जाना जिसका आयोजन भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा की युवाओं के कारण ही भारत विकास की गति को पकड़ेगा पुरातन समय में भी युवा श्री कृष्ण ने कंस का वध किया था। इसी प्रकार आजादी में भी युवा भगत सिंह ने अंग्रेजो के खिलाफ मोर्चा खोलकर देश को आजादी दिलाने का कार्य किया था। कॉलेज में वोट बनवाने हेतू एक हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई । कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका सबसे अहम है । नागरिक ही सरकार चुनकर देश की दिशा तय करते हैं । ऐसे में नेशनल वोटर डे पर नागरिकों को वोट देने के लिए जागरुक किया जाता है। इस अवसर पर डॉ.एसके वर्मा, डॉ.मुकेश पुनिया, डॉ.दीपिका अरोड़ा मदान, डॉ.राकेश गर्ग, प्रो.सविता पुनिया, प्रो.अन्नू आहूजा, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.विशाल गर्ग, दीपक मित्तल, विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक नीरज पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख सुनील कपूर, महेंद्र प्रताप, तुषार खरबंदा, राहुल गाबा, योगेश शर्मा, मंथन शर्मा, जतिन राणा, कुलविंद्र रोड़ व लवली सेठी आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** एसडी कालेज में मतदाता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, प्राचार्य डा .अनुपम अरोड़ा व अन्य ।


**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर में धार्मिक संबोधन करते हुए साधुगण।

## भक्तों के लिए खुले श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन के कपाट

■ सात दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन पानीपत में चल रहे सात दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आज समापन हुआ। जिसमें मंदिर में स्थापित मां शेरावाली दरबार, श्री कृष्णा राधा रानी, शिवजी एवं पार्वती, मां लक्ष्मी एवं विष्णुजी एवं राम दरबार के स्वरूप को स्थापित कर दिया गया है। इन स्वरूपों की स्थापना मदन डूडेजा, राजेंद्र जैन, शिव मल्होत्रा, गौरव भाटिया विजय डाबर, राजेश डाबर ने कराई है। पिछले 7 वर्षों से भक्त जनों को नए मंदिर का इंतजार था जो कि यह पूरा हो चुका है। 16 ब्राह्मणों ने दैनिक ज्ञ किया, मां आरती की एवं मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर को एक नया रूप दिया। इस अवसर पर कलश उठाने वाली महिलाओं को श्रीफल नारियल महाराज श्री प्रितमानंद जी द्वारा प्रसाद स्वरूप में दिया गया। यह वही नारियल थे जो कलश यात्रा में पूरे नगर का भ्रमण करते हुए आए थे। इस सारे कार्यक्रम में सभी को बहुत मान सम्मान मिला सब ने बहुत मेहनत की मंदिर के सभी सदस्यों सेवादारों को सम्मानित भी किया गया। साधु संत राजनीतिज्ञ सामाजिक नेताओं शिक्षाविदों औद्योगिक लोगों समाज के सभी व्यक्तियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया एवं सभी ने अपना कीमती समय इस उत्सव को दिया शोभा यात्रा भी इस कार्यक्रम का एक मुख्य केंद्र रही है जिसमें दूर-दूर से आए कलाकारों ने अपना समय दिया एवं शोभायात्रा की शोभा को बढ़ाया सबसे कीमती समय मॉडल टाउन एरिया की माता बहनों ने दिया जो सुबह से शाम तक मंदिर में रही कार्यक्रम पूर्ण होने तक जुटी रहती थी पुरुष भाइयों ने भी अपना पूरा समय इस उत्सव को दिया। मंदिर के प्रधान श्री तरुण गांधी ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं कहा कि मैं मातृशक्ति एवं अपनी बहनों का एवं भाइयों का यह आसान कभी नहीं भूल सकता जिन्होंने इस मंदिर के निर्माण में अपना पूरे समय दिया एवं पूरे समारोह में साथ देकर यह कार्य पूर्ण कराया। उन्होंने सभी को इस कार्यक्रम की सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा

### मतदाता दिवस पर वोटिंग की शपथ ली

**पानीपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने व निष्पक्ष एवं अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की ली शपथ । भलाई शाखा निरीक्षक श्री बीर भान ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि मतदान ही वह अधिकार है जो हर नागरिक के हाथ में शक्ति देकर इस लोकतंत्र को मजबूत बनाता है।

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने श्रीराम पूजन किया

■ पूजा के उपरांत श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा हुडा स्थित आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर पर राम पूजा का आयोजन किया गया। मोहाली से आए पंडित श्री राम सागर द्वारा विधि विधान से राम पूजा करवाई गई। पूजा से पूर्व आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान द्वारा गुरु पूजा करवाई गई। पूजा के दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया गया। पूजा के उपरांत श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर उत्सव मनाया गया व राम भजनों से वातावरण राममय हो उठा। पूजा व उत्सव के उपरांत भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के आयोजन में यतीन कथुरिया, नमन गोयल, संजीव मनचंदा, अलका बठला, देव, सीबी श्रीवास्तव, शिल्पी, मोनिका गोयल आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर्स व विभिन्न वॉलिंटियर्स भी उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित राम पूजा कार्यक्रम में पूजा कराते प.श्रीराम सागर ।

### राज्यपाल करेंगे ध्वजारोहण

**पानीपत।** उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यपाल बण्डारू दत्तात्रेय मुख्यअतिथि होंगे। इसलिए सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय कर कार्य पूर्ण करवाएं। मंच पर केवल अधिकृत लोगों के बैठने की व्यवस्था ही की गई है इसलिए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मंच पर ना बैठे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह गरीमापूर्ण तरीके से मनाया जाए। इसके साथ-साथ सभी कर्मचारी भी अपनी डयूटी का निर्वहन पूर्ण रूप से करें।

## सीबीएसई की ओर से आयोजित प्रेरणा उत्सव में छाए आर्य स्कूल के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय नौलथा में सीबीएसई की ओर से आयोजित प्रेरणा उत्सव में भाग लिया। जिसमें जिला के 30 विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल रहे। वहीं आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्र कार्तिक व कक्षा नौवीं की छात्रा नियती ने इसमें तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वीं छात्रा नियति का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। विद्यालय की अध्यापिका अमृत कौर ने बताया कि नियति द्वारा विकसित भारत पर निबंध लिखा गया था। जिसमें उसका चयन हुआ तथा उनका साक्षात्कार लिया गया तथा अब वह राष्टीय स्तर पर चुन ली गई है। प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में इससे बेहतर करने का प्रयास करने का आह्वान किया।


आर्य स्कूल की नियती अपनी टीचर अमृत कौर के साथ।

### आर्य केंद्रीय सभा का गठन

**पानीपत।** आर्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक में आर्य केंद्रीय सभा पानीपत के प्रधान आत्म प्रकाश आर्य ने आज अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें संरक्षक आर्य सुरेश मलिक, वीरेंद्र सिंगला, ईश्वर आर्य, हरचरण दास अरोड़ा, सुरेश आर्य व सुरेंद्र शर्मा को बनाया गया है जबकि कार्यकर्ता प्रधान अजय गर्ग, बेला भाटिया, उप प्रधान महेंद्र मनोचा व गुरुदेव कादियान को, मंत्री निर्मला वसु, सहमंत्री संजीव मखीजा, उपमंत्री नवीन गाबा, कोषाध्यक्ष आत्म प्रकाश बरेजा, राजकुमार त्यागी, प्रचानमंत्री आनंद प्रकाश व ईश्वर दास अग्रवाल, प्रचार मंत्राणी कमलेश लीखा, शारदा बरेजा व सुनीता सिंगला को, कार्यकारिणी सदस्य संदीप बिंझौल,

## राहुल का शूटिंग चैंपियनशिप में चयन



**पानीपत।** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित हुई नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के छात्र राहुल सैनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स टीम इवेंट में पांचवां स्थान प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कि आगामी 5 से 8 फरवरी को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालयए कुरूक्षेत्र में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगा जो पूरे आर्य कॉलेज के लिए गर्व विषय है। हमें पूरा विश्वास है कि राहुल इस प्रतियोगिता में भी पदक हासिल करेगा। उन्होंने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश कुमार, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल, कोच रजनी व अनुप गुलिया को बधाई दी।

### पानीपत के जितेंद्र राणा होंगे राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित

**पानीपत।** गृह मंत्रालय भारत सरकार की घोषणा के अनुसार 75 वे गणतंत्र वर्ष पर पानीपत जिला के गांव कारद निवासी होनहार पुलिस अधिकारी जितेंद्र राणा को सराहनीय सेवा हेतु पुलिस मेडल महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू द्वारा प्रदान किया जाएगा। बता दें कि जितेंद्र राणा 2005 बैच के बिहार राज्य के पुलिस अधिकारी हैं। जो वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में बतौर उप महानिरीक्षक डीआईजी इंदिरा गांधी एयरपोर्ट दिल्ली पर कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि जितेंद्र राणा को पहले भी 2014 में बिहार राज्य के जिला जमुई में बतौर पुलिस अधीक्षक नक्सलवाद पर काबू पाने हेतु महानिदेशक सीआरपीएफ द्वारा प्रशस्ति पत्र तथा 2016 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा वीरता पदक एवं 2019 व 2021 में महानिदेशक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जा चुका है। बताने योग्य है कि जितेंद्र राणा के पिता जगबीर सिंह राणा सेवानिवृत शिक्षक एवं वर्तमान में वकालत का कार्य कर रहे हैं जबकि उनकी माता वीरमति घरेलू महिला है।



## जगाधरी में 29 जनवरी से शुरु होगी इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा

**यमुनानगर।** जगाधरी में 29 जनवरी को इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने वीरवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड द्वारा प्रदेश के 9 जिलों में सिटी बस सेवा प्रदान की जाएगी। इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री मनोहर लाल 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे सिवाह पानीपत के नए बस स्टैंड से करेंगे। इसी दिन मुख्यमंत्री के उद्घाटन के बाद हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा 12 बजे ही जगाधरी बस स्टैंड से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा की शुरुआत करेंगे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा सिटी बस सर्विस लिमिटेड एक सरकारी निगम है। जिसका गठन हरियाणा के 9 शहरों पानीपत, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, करनाल, सोनीपत, रेवाड़ी, रोहतक और हिसार में स्थानीय सिटी बस सेवाएं प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग के तहत किया गया है।

## हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इंद्रजीत को बनाया प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों को देखते हुए सिख समाज संस्था हरियाणा के सदस्यों की बैठक का आयोजन वीरवार को अनाजमंडी में किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सरदार दीदार सिंह नलवी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रधानों व सिख संगत की मौजूदगी में वार्ड नंबर 8 से सरदार इंद्रजीत सिंह बजाज को उम्मीदवार के तौर पर मनोनीत किया। नलवी ने बताया कि संस्था पूरे प्रदेश में गुरुद्वारा कमेटी इलेक्शन की 40 सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा करने का कार्य जारी रखे हुए है। हर वार्ड में सिख संगत की सहमति से उम्मीदवार चयनित किए जा रहे हैं। जल्द पूरे प्रदेश से 40 उम्मीदवार एक साथ एक स्टेज पे लाकर चुनाव की तैयारी का बिगुल बजा दिया जाएगा। सरदार इन्द्रजीत सिंह बजाज ने बताया कि समाज के लोगों ने उन पर जो विश्वास व भरोसा जताया है, वह उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। वे मानवता की सेवा के लिए गुरुओं के दिखाये मार्ग पर चलकर सभी को एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास करेंगे। जिला अध्यक्ष सरदार अरविंद्र सिंह खालसा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सरदार दीदार सिंह नलवी की अगुवाई में सिख समाज संस्था ने गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव लड़ने के लिए कमर कस ली है। वोट बनाने का प्रोसेस लगभग पूरा हो चुका है। उम्मीद है कि प्रदेश इलेक्शन कमीशन जल्द ही फरवरी माह में इलेक्शन की तारीख तय करेगी। मौके पर सरदार रणजीत सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह बजाज, नरिंद्र सिंह कोहली, हरप्रीत सिंह विर्क, सतनाम सिंह, गुरनाम सिंह, मनजीत सिंह, प्रीतम सिंह, तरलोचन सिंह आदि मौजूद थे।

### एसवाईएल पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें आपः जयहिंद

**पानीपत।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने पानीपत के स्काईलार्क में प्रेसवर्ता की। नवीन जयहिंद ने एसवाईएल मुद्दे पर केजरीवाल सरकार की दोगली राजनीति पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि केजरीवाल व भगवंत मान जींद में 28 जनवरी को आएंगे तो एसवाईएल मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि दोनों मुख्यमंत्री सिर्फ एक बयान दें कि एसवाईएल नहर का निर्माण करवाएंगे, हरियाणा की प्यास बुझाएंगे और सुप्रीम कोर्ट का निर्णय मानेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोग गद्दार नहीं बल्कि खुद्दार हैं। वैसे भी पंजाब की जनता हरियाणा को पानी देना चाहती है, लेकिन राजनीतिक दल इस पर सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। हरियाणा के किसान दूध या दारू नहीं, बल्कि पानी मांग रहे हैं। एसवाईएल का पानी हरियाणा का हक है कोई भीख नहीं।

## आर्य पीजी कालेज में जिला स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# बुलेट से ज्यादा शक्तिशाली हैं बैलेटः वीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से जीटी रोड़ स्थित आर्य पी.जी. कालेज के सभागार में जिला स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने कहा कि राष्ट्र सबसे ऊपर है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए व राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान जरूरी है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर 18 वर्ष से उपर के युवा -युवती को वोट बनवाना चाहिये। वहीं हुड्डा ने कहा कि बुलेट से ज्यादा बैलेट शक्तिशाली होती है। हमें इसका ध्यान रखकर मतदान करना चाहिये। मतदान के अधिकार का इस्तेमाल लोकतंत्र को मजबूत करता है। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शुद्ध व निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विभिन्न कालेजों के विद्यार्थियों ने वोट का संदेश देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम में विभिन्न कालेजों के विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

उन्होंने कहा कि हमें निष्पक्ष होकर जाति,धर्म से उपर उठकर मतदान करना चाहिये। जिन नागरिकों ने अभी तक अपना वोट नहीं बनवाया है उन्हें समय रहते वोट बनवाना चाहिये व दूसरे लोगों को भी वोट बनवाने के लिए प्रेरित करना चाहिये और वोट का सही समय पर सदुपयोग करना चाहिये।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ी में 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। प्रवक्ता संस्कृत संजीव कुमार शास्त्री ने सभी को मतदाता शपथ दिलवाई व प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान व बीएलओ बोधराज, कैलाश सिंह, बिजेन्द्र सिंह व प्रवीन ने नए मतदाताओं को वोटरकार्ड दिए। गांव में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे प्रिंसिपल सुमित्रा सांगवान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बीएलओ बोधराज ने बताया कि इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में चुनावी जागरुकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

